Dainik Bhaskar (Indore), 20th September 2025, Page – 04

# आईआईटी इंदौर ने लॉन्च किया दिशा 2.0, डिजिटल हेल्थकेयर के डीपटेक स्टार्टअप को मिलेगा फंडिंग प्राप्त करने का मौका

## 5 अक्टूबर तक सबमिशन किए जाएंगे, नवंबर में नतीजे, स्टार्टअप को अपनी 1 से 8% इक्विटी भी देना होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर के इन्क्यूबेशन सेंटर दृष्टि फाउंडेशन ने डिजिटल हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले डीपटेक स्टार्टअप और प्रोजेक्ट को सहयोग देने के लिए अपने नए प्रोग्राम दिशा 2.0 को लॉन्च कर दिया है। इसका पहला संस्करण मार्च में आयोजित किया गया था, जिसमें 15 स्टार्टअप को 5 करोड़ रुपए तक की फंडिंग दी गई थी। वहीं इस बार योग्यता अनुसार 50 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक की फंडिंग दी जाएगी। यह प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा स्पॉन्सर्ड है।

इसके लिए 5 अक्टूबर तक सबमिशन किए जा सकते हैं, वहीं नवंबर में नतीजे घोषित किए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया के कई स्टैप्स होंगे। इसमें शुरुआती प्रेजेंटेशन, बाहरी पैनल के समक्ष टेक्निकल प्रेजेंटेशन शामिल है, जो 20 मिनट का होगा। इसके बाद एक्सटर्नल इन्वेस्टमेंट कमेटी द्वारा रिव्यू किया जाएगा। इसके बाद टीम्स को अपने सारे डॉक्यूमेंट सबमिट करने होंगे। इसके बाद नतीजे घोषित होंगे और फंड दिया जाएगा। इस प्रोग्राम में स्टार्टअप को अपनी 1 से 8 प्रतिशत की इक्विटी भी देना होगी। इस प्रोग्राम में सिर्फ स्टार्टअप ही नहीं, किसी भी कॉलेज के प्रोफेसर अपने छात्रों के साथ भाग ले सकते हैं और अपने किसी खास इनोवेटिव प्रोजेक्ट के लिए फंडिंग ले सकते हैं। तकनीक का इनोवेशन ऐसा होना चाहिए, जो कि मार्केट-रेडी हो और उसकी कुछ हद तक टेस्टिंग की जा चुकी हो।

### फाइनेंशियल सपोर्ट के साथ मेंटरशिप भी देंगे

डीपीआईआईटी-रजिस्टर्ड स्टार्टअप को डिजिटल हेल्थकेयर और डीप-टेक सेक्टर्स में उत्पाद लैब से मार्केट तक पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम में सपोर्ट दिया जाएगा। इसमें फाइनेंशियल सपोर्ट के साथ-साथ मेंटरशिप भी दी जाएगी और प्रोडक्ट के ट्रायल और डिप्लॉयमेंट के लिए भी सपोर्ट देंगे। साथ ही आईपीआर और पेटेंट सपोर्ट भी दिया जाएगा।